
## जंगल में मिला विदेशी सैलानी

▸ पास मिला वीजा और दिल्ली का टिकट, पहचान बताने में असमर्थ



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम/नामली।** जिले के नामली थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात उस समय सनसनी फैल गई, जब बांगरोद और जड़वासा के बीच जंगल में एक विदेशी युवक संदिग्ध अवस्था में मिला। घने अंधेरे में पेड़ के नीचे अकेले बैठे युवक को देख ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। जानकारी के अनुसार, रात करीब 11 बजे बांगरोद रेलवे स्टेशन से लगभग आधा किलोमीटर दूर जंगल क्षेत्र में एक विदेशी युवक दिखाई दिया। सुनसान इलाके में उसकी मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत फैल गई और मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस चौकी प्रभारी प्रदीप शर्मा टीम के साथ पहुंचे और युवक को सुरक्षित नामली थाने ले जाया गया।

पुलिस के अनुसार युवक की उम्र करीब 42 वर्ष बताई जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में उसने खुद को ऑस्ट्रेलिया का निवासी बताया, लेकिन वह अपना नाम स्पष्ट रूप से नहीं बता सका। उसके पास से वीजा और दिल्ली का रेल टिकट मिला है, जिससे उसके विदेशी नागरिक होने की पुष्टि हुई है। थाने में भी युवक का व्यवहार असामान्य रहा। वह लगातार 'राधे-राधे' का जाप करता रहा और अपने ट्रॉली बैग को लेकर अत्यधिक सतर्क दिखाई दिया। उसने किसी को भी बैग छूने नहीं दिया। उसके इस व्यवहार से पुलिस को आशंका है कि वह मानसिक तनाव में हो सकता है या किसी धार्मिक यात्रा पर निकला हो। पुलिस का कहना है कि युवक मानसिक रूप से अस्थिर प्रतीत हो रहा था। दस्तावेजों की जांच के बाद उसे रेलवे स्टेशन तक छोड़ दिया गया। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है।

## इलाज के दौरान मरीज की मौत, पुलिस ने मर्ग कायम किया

**बाजना।** थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम इमलीपाड़ा कला निवासी गोर्धन पिता हेरजी चरपोटा (52) को 13 अप्रैल 2026 की सुबह करीब 6 बजे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बाजना लाया गया था। इलाज के दौरान सुबह करीब 9:50 बजे उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना पर बाजना पुलिस ने मर्ग क्रमांक 21/26 धारा 194 बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। मामले की जांच सहायक उप निरीक्षक कालूसिंह जामोद द्वारा की जा रही है। मृतक के पुत्र नितेश चरपोटा (30) निवासी इमलीपाड़ा कला के कथन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

# 2047 तक बाबा साहब के सपनों का भारत बनाएंगे : मंत्री काश्यप

▸ विधि महाविद्यालय में जिला स्तरीय समारोह आयोजित हुआ



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की 136 वीं जन्म जयंती के अवसर पर कैलाशनाथ काटजू विधि महाविद्यालय रतलाम में आयोजित जिला स्तरीय समारोह को वर्चुअल संबोधित करते हुए जिले के प्रभारी मंत्री एवं जनजातीय कार्य विभाग मंत्री मध्यप्रदेश शासन डॉ कुंवर विजय शाह ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर का व्यक्तित्व एवं आदर्श सम्पूर्ण भारत के लिए अनुकरणीय है। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री मध्यप्रदेश शासन चेतन्य काश्यप ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन संघर्ष, समर्पण और सामाजिक परिवर्तन की अद्वितीय मिसाल है। डॉ. भीमराव अंबेडकर ने अपने जीवन की शुरुआत अत्यंत कठिन परिस्थितियों में की, डॉ. अंबेडकर दूरदर्शी एवं महान अर्थशास्त्री भी थे। देश के आर्थिक उत्थान को ध्यान में रखते हुए उन्होंने आरबीआई की स्थापना का श्री प्रावधान किया। सरकार द्वारा उनकी जन्मस्थली महू को एक पवित्र तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है। हम उनके विचारों एवं उनके द्वारा संविधान में किए गए प्रावधान को लागू करते हुए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 2047 तक बाबा साहब के सपनों का भारत बनाऐंगे। समारोह में महापौर प्रहलाद पटेल ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर का जीवन कई संघर्षों से भरा था। जिला अध्यक्ष प्रदीप उपध्याय ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल एक महान समाज सुधारक ही नहीं, बल्कि एक उत्कृष्ट अर्थशास्त्री भी थे। भारतीय रिज़र्व बैंक की स्थापना उनकी दूरदर्शी आर्थिक सोच का ही परिणाम हैं। कार्यक्रम में शासन की योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी अतिथियों द्वारा मंच से किया गया। कार्यक्रम में 10वी एवं 12वीं कक्षा के मेधावी विद्यार्थियों, प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही, 6वीं के विद्यार्थियों को साईकल वितरण, लाड़ली लक्ष्मी योजना के हितग्राही, अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना, उद्यम क्रांति योजना के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह, सीईओ जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन, सहायक आयुक्त श्रीमती रंजना सिंह, विभागीय अधिकारी/कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आशीष दशोत्तर ने किया। आभार प्रदर्शन ए.ओ. जनजातीय कार्य विभाग श्री भास्कर ने किया। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया गया।

### ▸ कांग्रेस पदाधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि



डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा के नेतृत्व में प्रातः 9 बजे छत्रीपुल स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दोपहर 1:00 बजे शहर सराय चौराहे पर डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति द्वारा निकाली गई वाहन रैली का कांग्रेसजनों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया एवं शुभकामनाएं दीं। शहर कांग्रेस अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, चंद्रशेखर शर्मा, सतीश पुरोहित, शैलेंद्र सिंह अठाना, कमरुद्दीन कचवाया, वहीद शेरानी, आशा रावत, केसरबाई, कविता महावर, रश्मि सिंह, राजीव रावत, रजनीकांत व्यास, प्रदीप राठौड़, मेहमूद शेरानी, शांतु गवली, इक्का बेलुत, रामचंद्र धाकड़, जोएब आरिफ, राजेश प्रजापत, सोनू व्यास, रोहित मीणा, बसंत पड़्या, राजकुमार लाला, साकिर खान, किशन लाल गोसर, मनोज पांडे, युसूफ शाह, राजू जलवानिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।कार्यक्रम की जानकारी शहर कांग्रेस अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा द्वारा दी गई।



## सैलाना में जयंती धूमधाम से मनाई, संविधान की शपथ दिलाई

**सैलाना।** पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष हर्षविजय गेहलोत के निवास पर जयंती मनाई गई। श्री गेहलोत ने उपस्थित कांग्रेसीजनों को भारतीय संविधान की शपथ दिलाई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर ने भारतीय समाज को समानता, न्याय और अधिकारों की मजबूत नींव प्रदान की। इस कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष चैतन्य शुक्ला, जगदीश पाटीदार, पार्षद मंगलेश कसेरा, हेमंत कुमावत, किशोर पाटीदार, महेश सांवरिया, दिलीप डामोर, सुशील मांडोत, देवेंद्र सोलंकी, अजय परिहार, सरवन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष छगन भगोरा, पूर्व सरपंच कालू निनामा, पूनमचंद निनामा, वागजी खराड़ी, शांतिलाल मईडा, केशर सिंह कोठार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ◂ एक नजर में ▸

## एकादशी संकीर्तन :श्रद्धालुओं ने झूमकर लिया आनंद



**रतलाम।** मित्र निवास रोड स्थित गीता मंदिर पर सोमवार, 13 अप्रैल 2026 को दोपहर 3 से 6 बजे तक एकादशी संकीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन जोशी परिवार द्वारा स्वर्गीय मधुसूदन जोशी एवं श्रीमती लक्ष्मी जोशी की स्मृति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायक पंडित गोपाल कृष्ण शर्मा ने अपनी मधुर स्वर लहरियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने 'तुमसे बिछड़े युग बीत गये, मेरे मालिक मुझसे रूठ गए' तथा 'मुझे दर्शन दो एक बार, हरि आ जाओ एक बार' जैसे भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति दी, जिन पर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। मंदिर परिसर में भगवान श्रीकृष्ण एवं अर्जुन का भव्य श्रृंगार किया गया, जिसने भक्तों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने भक्ति गीतों पर झूमते-नाचते हुए अपनी श्रद्धा प्रकट की। इस अवसर पर राजेंद्र जोशी, मीनाक्षी जोशी, संजय जोशी, वेणी माधव शर्मा, भारत सिंह राठौड़, शंकरलाल परमार, जयंती भाई जैन, प्रकाश जैन, प्रकाश अग्रवाल, ओंकार लाल चौहान, अमर सिंह गेहलोत, शुभेंदु अवस्थी, विजय तावरे, सीमा राठौर, संगीता शर्मा, रीना अवस्थी, वीरेंद्र वाफगांवकर, प्रीति श्रीवास्तव, प्रमोद कुमारी श्रीवास्तव, कौशल कुमार पांडे, संगीता गुणावत, पुष्पा व्यास, गायत्री शर्मा, कांति पुंडीर सहित बड़ी संख्या में भक्तजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। अगला एकादशी संकीर्तन मोहिनी एकादशी के अवसर पर 27 अप्रैल 2026, सोमवार को दोपहर 3 से 6 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

## सेनज महाराज के जन्मोत्सव पर निकली वाहन रैली

**जावरा।** श्री गुजराती सेन समाज जावरा द्वारा सेनजी महाराज के जन्मोत्सव पर वाहन रैली का आयोजन किया। वाहन रैली के बाद सेन महाराज की महाआरती का आयोजन किया गया। अध्यक्ष मुकेश सोलंकी ने बताया भोजन प्रसादी का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर सचिन सेन, मनीष सेन, शांतिलाल सेन, सत्यनारायण सेन, भेरूलाल सेन, कमल सेन, विशाल सेन, शिवम सेन, राहुल सेन आदि उपस्थित रहै।

## ई-टोकन प्रणाली से खाद न बेचने वाले 6 उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** उप संचालक किसान कल्याण व कृषि विकास आर के सिंह ने बताया कि रतलाम जिले में राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के पालन में 01 अप्रैल से ई-विकास (ई-टोकन) उर्वरक प्रणाली के तहत ही शतप्रतिशत उर्वरक वितरण करने के निर्देश सभी खाद विक्रेताओं को दिए गए हैं। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के आदेशानुसार ई-टोकन प्रणाली के तहत उर्वरक वितरित न करने वाले 6 निजी खाद विक्रेता प्रकाश चंद्र रतनलाल जैन जावरा, पाटीदार किसान बाजार रोजाना जावरा, चारभुजा ट्रेडिंग कंपनी बड़ावदा जावरा, विश्वकर्मा ट्रेडर्स डोसीगांव रतलाम, राज केमिकल एंड फर्टिलाइजर रतलाम, ग्राहक सेवा केंद्र गुडभेली आलोट के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। कारण बताओ नोटिस के जवाब संतोषजनक न पाए जाने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के प्रावधानों के अनुसार उक्त विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित किए गए।

## बाइक की टक्कर से युवक घायल

**बिलपांक।** थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक युवक घायल हो गया। पुलिस के अनुसार घटना 12 अप्रैल को सुबह करीब 11 बजे पेटलावद रोड स्थित मुंदड़ी के पास ईंट भट्टे के सामने हुई। ग्राम रानीसिंग निवासी पप्पु पिता प्रभु गरवाल (16) अपनी बाइक से जा रहा था, तभी सामने से आ रहे हीरो एचएफ डिलक्स क्रमांक एमपी43इबी9781 के चालक शंकर पिता सत्तु उर्फ शैतान गरवाल (20) ने तेज गति और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसकी बाइक को टक्कर मार दी।

# त्रिवेणी मेला क्षेत्र में अतिरिक्त भूमि मिलने पर कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप का अभिनंदन



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** सनातन धर्म सभा एवं महारुद्र यज्ञ समिति ने त्रिवेणी मेला क्षेत्र का सीमांकन कराने एवं 2.5 बीघा अतिरिक्त भूमि मिलने पर कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप का अभिनंदन किया। समिति पदाधिकारियों ने इस उपलब्धि पर हर्ष जताते हुए श्री काश्यप को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान सनातन धर्म सभा एवं महारुद्र यज्ञ समिति के कन्हैयालाल मौर्य, पं.रामचंद्र शर्मा, लालचंद टांक, नवनीत सोनी, डॉ. राजेन्द्र शर्मा, मनोहर पोरवाल, विशाल शर्मा, पुष्पेन्द्र जोशी, सत्यनारायण पालीवाल, रमेश गोयल, यश चौधरी, चेतन शर्मा उपस्थित रहे।

## मिलन समारोह बिबड़ोद तीर्थ में सम्पन्न हुआ

**रतलाम।** श्री शांति निकेतन श्री संघ का द्वितीय मिलन समारोह बिबड़ोद तीर्थ में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम संयोजक आतिश कुमार बोकाडिया ने बताया कि कॉलोनी के श्वेतांबर संघ के विभिन्न परिवारों द्वारा यह आयोजन लगातार किए जाते हे इस कड़ी में संघ द्वारा प्रतिमाह नवकार मंत्र के जाप का आयोजन भी किया जा रहा है। वर्षा बोकाडिया एवं सुमन गांधी द्वारा मंगला चरण एवं नवकार मंत्र के जाप कराए। वर्षा पितलिया पूजा नाहटा प्रतीक्षा गैल्डा जया पिरोदिया इंदिरा कासवा अमिता पोरवाल ज्योति डांगी आदि महिलाओं द्वारा प्रस्तुति दी। द्वितीय वर्षीतप आराधिका अनीता मूणत का बहुमान किया। राजेश पोरवाल, सुनील गांधी, अशोक छाजेड सुशील मेहता,संघ के भंवर लाल डांगी, मानक लाल सेठिया, अनिमेष पोरवाल, रमेशचंद पितलिया, अशोक कुमार बोकाडिया, मनीष मूणत, अशोक कसवा, निलेश दख आदि उपस्थित रहे।

# देश का भाग्य बदलने वाला कानून बनेगा नारी शक्ति वंदन



▸ भाजपा मप्र की पैनलिस्ट एवं नीमच नपा अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा ने कहा

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश का भाग्य बदलने वाला कानून बनेगा। यह अधिनियम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण का स्वर्णिम अध्याय लिखेगा। आजादी के बाद से महिलाओं को देश की संसद और राज्यों की विधानसभाओं में आरक्षण दिए जाने की मांग समय-समय पर की जाती रही है, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने कभी आरक्षण दिलाने का प्रयास नहीं किया। भाजपा ने नारी सशक्तिकरण के सदैव प्रयास किए है। लाडली लक्ष्मी, लाडली बहना,सुकन्या सहित कई योजनाएं इसका प्रमाण है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम से जब लोकसभा, विधानसभा और अन्य सरकारों में महिलाएं शामिल होगी, तो सही अर्थों में भारत सशक्त होकर महिला सुरक्षा के सारे उपायों को साकार करेगा।

यह बात भारतीय जनता पार्टी मप्र की पैनलिस्ट एवं नीमच नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा ने मंगलवार को भाजपा कार्यालय में 'नारी शक्ति वंदन' अधिनियम को लेकर आयोजित पत्रकार-वार्ता को संबोधित करते हुए कही ।पत्रकार-वार्ता के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, जिला उपाध्यक्ष अनिता कटारिया, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पूनम पटवा, जिला महामंत्री अनिता पाहूजा, जिला मीडिया प्रभारी अरूण त्रिपाठी, सह प्रभारी निलेश बाफना मंचासीन रहे।

श्रीमती चोपडा ने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के कार्यकाल में महिलाओं को संसद और राज्यों की विधानसभाओं में आरक्षण दिलाने का प्रयास किया गया, लेकिन तब विपक्षी दलों के विरोध के कारण बिल पास नहीं हो सका। श्रद्धेय अटल जी के समय महिला आरक्षण बिल का विरोध करने वाले सभी दल आज भी कांग्रेस के साथ खड़े हैं। कांग्रेस पार्टी की नीतियां कितनी महिला विरोधी हैं, इसका प्रमाण है शाहबानो मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय को कांग्रेस की तत्कालीन केंद्र सरकार ने संसद में कानून बनाकर पलट दिया था।



## पंजाब नेशनल बैंक का स्थापना दिवस मनाया


**नवभारत न्यूज**


**सैलाना।** पंजाब नेशनल बैंक की स्थानीय सैलाना शाखा में बैंक का 132 वां स्थापना दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया ।

इस अवसर पर बैंक की शाखा प्रबंधक शालिनी शाह ने अपने उदबोधन में कहा की स्थानीय शाखा सैलाना क्षेत्र में सभी के सहयोग और आशीर्वाद से निंरतर प्रगति की ओर अग्रसर है। बैंक का सम्पूर्ण स्टाफ अपने ग्राहकों को उच्च स्तर की विश्वसनीय ओर संतोषप्रद सेवाएं देने के लिये प्रतिबद्ध है । इस अवसर पर मंडी व्यापारी एसोसिएशन अध्यक्ष इंद्रेश चंडालिया, किराना व्यापारी एसोसिएशन अध्यक्ष संजय माण्डोत, मंडी सचिव रुमान सिंह भयड़ीया, युवा उद्यमी ओशिन दीपक जोशी, युवा पत्रकार नितीन पटेल, कमलेश राठौड़, मनोज जैन सूरज साग़र, बिट्टू ठाकुर, दिलीप छाजेड़,वरिष्ठ किसान सत्यनारायण पाटीदार, बैंक कृषि अधिकारी विजय इंगला ,केशियर लोकेन्द्र पाटीदार,आदि उपस्थित थे । अंत सभी अतिथियों का आभार सहायक प्रबंधक राहुल टांक ने माना।

**वरिष्ठ ग्राहक का किया सम्मान:** 132 वे स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बैक की वरिष्ठ आदिवासी ग्राहक शम्भूडी बाई 80 वर्ष सम्मान प्रतीक चिन्ह देकर किया गया।

# मौत के बाद भी रोशनी : शिवगढ़ और रतलाम में नेत्रदान से 4 जिंदगियों को मिला उजाला





**नवभारत न्यूज**

**शिवगढ़/रतलाम।** मानवता, संवेदनशीलता और समाजसेवा की एक प्रेरणादायक मिसाल शिवगढ़ और रतलाम में देखने को मिली, जहां शोक की घड़ी में भी परिजनों ने अपने प्रियजनों के नेत्रदान का निर्णय लेकर चार जरूरतमंदों की जिंदगी में रोशनी भर दी।

पहला नेत्रदान शिवगढ़ निवासी स्व. मोहनलाल परमार के निधन के बाद संपन्न हुआ। इस पुनीत कार्य के लिए दीपक तांतेड़, पी. तांतेड़ और राजेश सोलंकी ने परिजनों को प्रेरित किया। उनके पुत्र दिनेश, राजेश और संतोष तथा पौत्र रवि (गोलू), महेंद्र और रितेश ने सहमति देकर यह संदेश दिया कि सच्ची श्रद्धांजलि वही है, जो किसी और के जीवन में उजाला बन सके। नेत्रम संस्था के सहयोग से डॉ. जी.एल. ददरवाल द्वारा नेत्रदान की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की गई। दूसरा नेत्रदान रतलाम के शास्त्री नगर निवासी स्व. श्रीमती दमयंती मूले (धर्मपत्नी स्व. वसंतराव कोलंबेकर) के 85 वर्ष की आयु में निधन के पश्चात किया गया। इस कार्य के लिए सुनील जैन (एडवोकेट), डॉ. प्रतीक मालपानी, नंदकिशोर पाटीदार, मंजूला माहेश्वरी और गोविंद काकानी ने परिजनों को प्रेरित किया। उनके पुत्र संतोष कोलंबेकर, पुत्री प्रतीक्षा योगदंड, बहू रश्मि तथा पौत्र-पोती निर्विघ्न और मनस्वी ने सहमति देकर करुणा और मानवता का परिचय दिया। यह नेत्रदान काकानी सोशल वेलफेयर फाउंडेशन एवं नेत्रम संस्था के सहयोग से बड़नगर की टीम द्वारा संपन्न किया गया। नेत्रम संस्था के हेमंत मूणत ने बताया कि सूचना मिलते ही गीता भवन न्यास, बड़नगर के ट्रस्टी एवं नेत्रदान प्रभारी डॉ. जी.एल. ददरवाल के मार्गदर्शन में टीम के परमानंद राठौड़ और मोहनलाल राठौड़ ने समय पर पहुंचकर पूरी संवेदनशीलता और सम्मान के साथ नेत्र संरक्षण की प्रक्रिया पूरी की। इस दौरान हेमंत मूणत, गोविंद काकानी, नवनीत मेहता, शलभ अग्रवाल, सुशील 'मीनू' माथुर, उदित अग्रवाल और संजय मुसले उपस्थित रहे। अंत में गीता भवन न्यास बड़नगर, नेत्रम संस्था एवं काकानी सोशल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा परिजनों को प्रशस्ति पत्र देकर उनकी मानवता और समाजसेवा के भाव को सम्मानित किया गया।

**एक नजर में** ▸ भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ . भीमराव आंबेडकर 135 वी जयंती मनाई

# भाजपा नगर मंडल और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने कोर्ट परिसर में किए आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल जावरा द्वारा कोर्ट परिसर में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर विधायक डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय भी उपस्थित रहे और उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बाबा साहब का स्मरण किया। माल्यार्पण के बाद आयोजित सभा में पूर्व नगर अध्यक्ष अभय कोठारी ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने भारत को समानता, न्याय और संवैधानिक अधिकारों की मजबूत नींव प्रदान की, और आज भी उनके विचार समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाकर समाज सेवा करने की अपील की। स्वागत भाषण भाजपा नगर अध्यक्ष राजेश शर्मा, संचालन महामंत्री अनिल धारीवाल व आभार महामंत्री मनीष ऊटवाल नें माना।




कार्यक्रम में नंदकिशोर महावर, अजय सकलेचा, प्रमोद रावल, वीरेन्द्र सिंह चौहान, सुरेश चोरडिया, मनोहर पांचाल, श्रीमती संतोष शर्मा, घनश्याम सोलंकी, अजयसिंह भाटी, सुरेश पोरवाल, अनिल मोदी, रजत सोनी, शरद डूंगरवाल,चंद्रप्रकाश सोलंकी, सोनू यादव, तेजसिंह कदम, प्रमोद पुरोहित, मोतीलाल यदुवंशी, शरीफ कुरैशी, दशरथ कसानिया, यस सकलेचा, महेंद्र चौहान, आशिफ मिर्जा, देवेंद्र चौहान, मुकेश भाटी, टोनी कल्याणे, अनिल त्रिवेदी, विक्रम माली, सत्यनारायण पांचाल उपस्थित थे।

### ▸ बाबा साहब ने अल्पसंख्यक, पिछड़े और दलितो को बढ़ाया आगे

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर द्वारा भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की जन्म जयंती मनाई गई। कोर्ट परिसर में प्रतिमा पर कांग्रेस के वरिष्ठजनों, पार्षदों द्वारा माल्यार्पण किया और उनके द्वारा बनाए गए संविधान के बारे में अपने विचार रखते हुए कहा कि बाबा साहेब ने अल्पसंख्यक, पिछड़े दलितो को सम्मान देने के लिए आगे बढ़ाया और सम्मान दिया, उनकी सोच में देश में सभी धर्म का सम्मान व अपने-अपने धर्म को मनाने की आजादी की बात कही। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर जावरा अध्यक्ष सुशील कोचट्टा, प्रदेश कांग्रेस महासचिव मोहम्मद यूसुफ कडपा, वरिष्ठ नेता शांतिलाल दसेड़ा, पुर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष हीरालाल मेहता, बलवंतसिंह राठौड़ गोंदिशंकर, सेवादल के मसूद परदेसी, किसान नेता मोहन सैनी, प्रभुलाल ररोतिया, राजेंद्र कल्याणे, नपा चेयरमैन मुस्तकीम मंसूरी, लोकेश विजवा, आसिफ कबाड़ी, चेयरमैन प्रतिनिधि विनोद ओरा, महिला कांग्रेस की नगर अध्यक्ष श्रीमती अन्नपूर्णा पवार, पूर्व जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष यास्मीन खान, पूर्व ब्लाक युवक कांग्रेस अध्यक्ष अंकित लालवानी, विमल पोखरना, मनीष बैरागी, अशोक सिसोदिया, जावेद पॉपुलर, अनिल सोनी, पूनमचंद रारोतिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे। संचालन अनिल सोनी ने किया, आभार जावेद पॉपुलर ने माना।